आकाशवाणी पोर्ट ब्लेयर
दिनांक : 22.08.2024
समय : 0705
<><><><><><><>

- उपराज्यपाल एडमिरल डी. के. जोशी ने अण्डमान निकोबार पुलिस की कॉफी टेबल बुक का विमोचन किया।
- आदर्श कैरियर केन्द्र की ओर से चौबीस अगस्त को विम्बर्लीगंज में रोजगार एवं स्वरोजगार मेले का आयोजन किया जाएगा।
- पोर्ट ब्लेयर के जवाहर लाल नेहरू राजकीय महाविद्यालय में कानूनी जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया।
- वित्त मंत्री निर्मला सीतारामन ने आयकर विभाग से करदाताओं को भेजे जाने वाले नोटिस की भाषा को सरल और स्पष्ट बनाने का आह्वान किया है।
- भारतीय खेल प्राधिकरण ने महत्वकांशी कार्यक्रम कीर्ति की शुरूआत की है।

<><><><><><><>

उपराज्यपाल एडमिरल डी.के. जोशी ने अण्डमान निकोबार पुलिस की कॉफी टेबल बुक ''गार्डियंस ऑफ द आइलैड्सः ए सागा दैट ट्रांसेंड्स द सैंड्स ऑफ टाइम'' का विमोचन किया। स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर राजनिवास में एट होम समारोह के दौरान आयोजित एक विशिष्ट कार्यक्रम में मुख्य सचिव केशव चन्द्र और पुलिस महानिदेशक देवेश चन्द्र श्रीवास्तव उपस्थित थे। यह पुस्तक पुलिस बल के समृद्ध इतिहास, विरासत और आधुनिकीकरण की व्यापक खोज प्रस्तुत करती है। पुस्तक में पुलिस के एक आधुनिक, नागरिक केन्द्रित संगठन में परिवर्तित होने की यात्रा को समाहित किया गया है, जो औपनिवेशिक युग से लेकर आज की प्रगतिशील यात्रा का सार प्रस्तुत करती है। इस पुस्तक में पुलिस की विभिन्न विशेष इकाईयों के महत्वपूर्ण योगदान पर भी प्रकाश डाला गया है। इसके अलावा पुस्तक में तीनों ज़िलों के पुलिस बल की समर्पित प्रयासों का भी उल्लेख किया गया है, जो समाज में शान्ति, सुरक्षा और सद्भाव को कायम रखने के लिए प्रयास कर रही है।

<><><><><><><>

आदर्श करियर केन्द्र की ओर से चौबीस अगस्त को रोजगार एवं स्व–रोजगार मेला का आयोजन किया जाएगा। विम्बर्लीगंज के सामुदायिक भवन में सुबह दस बजे आयोजित होने वाले इस मेले का उद्देश्य निजी उद्यमियों, स्वरोजगार कियान्वयन विभाग और नौकरी पाने के इच्छुक युवाओं को स्वरोजगार अपनाने और निजी क्षेत्र में रोजगार के लिए एक मंच उपलब्ध कराना है। यह कार्यक्रम विम्बर्लीगंज, बम्बूफ्लाट, स्टुवर्टगंज और कन्यापुरम ग्राम पंचायत के सहयोग से आयोजित किया जा रहा है। इच्छुक सभी उम्मीदवारों से दस्तावेजों के साथ साक्षात्कार के लिए उपस्थित रहने का अनुरोध किया गया है। अधिक जानकारी के लिए रोज़गार कार्यालय स्थित आदर्श करियर केन्द्र से संपर्क किया जा सकता है।

<><><><><><><>

भारतीय स्टेट बैंक की ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान पोर्ट ब्लेयर निः शुल्क ब्यूटी पार्लर प्रबंधन पाठ्यक्रम आयोजित करेगा। बेरोजगार महिलाओं के लिए आयोजित होने वाले इस पाठ्यक्रम में स्वयं सहायता समूह के सदस्यों तथा गरीबी रेखा से नीचे के उम्मीदवारों को अधिक प्राथमिकता दी जाएगी। इच्छुक उम्मीदवारों से बैंक कार्यालय से संपर्क करने को कहा गया है।

<><><><><><><>

पोर्ट ब्लेयर के जवाहरलाल नेहरू राजकीय महाविद्यालय में हाल ही में कानूनी जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। नशीले पदार्थ, एन डी पी एस अधिनियम, पॉक्सो जैसे विषयों पर आधारित जागरूकता कार्यक्रम का उद्घाटन करते हुए राज्य विधि सेवा प्राधिकरण के सदस्य सचिव भवानी शंकर शर्मा ने महिलाओं के विरूद्ध अपराध, पॉक्सो अधिनियम के तहत बच्चों का शोषण और द्वीपों में मादक पदार्थों से संबंधित बढ़ते मामलों पर जानकारी देते हुए इस पर जागरूकता उत्पन्न करने की आवश्यकता पर बल दिया। पॉक्सो और एन.डी.पी.एस. अधिनियम के विशेष न्यायाधीश नियाज़ आलम ने कहा कि सिर्फ न्याय ही नहीं दिलाया जाता है, बल्कि इसे असरदार तरीके से लागू किया जाता है, ताकि हमारे कानूनी प्रणाली की अखंडता बरकरार रहे। फैमिली कोर्ट के न्यायाधीश दीप्तेन्द्र नाथ मित्रा ने एन डी पी एस अधिनियम और कानून में सजा के प्रावधान की जानकारी दी। शिक्षा सचिव एल. कुमार ने जागरूकता कार्यक्रम आयोजित करने के लिए आयोजकों के प्रति आभार प्रकट करते हुए कहा कि पिछले दो वर्षों के दौरान अंडमान निकोबार प्रशासन ने पुलिस और समाज कल्याण विभाग के माध्यम से कई जागरूकता कार्यक्रम

आयोजित करने में तेजी लाया है। उन्होंने कहा कि युवओं को बुरी आदतों से दूर रखने में शैक्षणिक संस्थानों की महत्वपूर्ण भूमिका है।

नारकोटिक्स के पुलिस अधीक्षक राजीव रंजन ने द्वीपों से नशाखोरी को समाप्त करने के लिए पुलिस की प्रतिबद्धता दोहराई, जबकि दक्षिण अंडमान पुलिस अधीक्षक निहारिका भट्ट ने महिलाओं के अधिकार और उनकी सुरक्षा की जानकारी देते हुए तीन नए आपराधिक कानूनों के बारे में भी जानकारी दी। कार्यक्रम में कॉलेज के प्राचार्य डॉ. एच के शर्मा ने भी अपने विचार व्यक्त किए। बाद में प्रतिभागियों के साथ आदान–प्रदान सत्र का आयोजन हुआ और उनकी चिंताओं तथा शंकाओं को समाधान किया गया।

<><><><><><><>

वित्त मंत्री निर्मला सीतारामन ने आयकर विभाग से करदाताओं को भेजे जाने वाले नोटिस की भाषा को सरल और स्पष्ट बनाने का आह्वान किया है, जिससे करदाताओं में डर की भावना पैदा न हो। नई दिल्ली में आयकर के एक सौ पैंसठवें  वर्ष के कार्यक्रम में वित्त मंत्री ने भेजे नोटिस के कारण का स्पष्टीकरण शामिल करने की आवश्यकता पर भी बल दिया। वित्त मंत्री ने कहा कि बहत्तर प्रतिशत करदाता पुरानी व्यवस्था से नई कर व्यवस्था में आए हैं। उन्होंने कहा कि नए करदाताओं की संख्या बढ़ी है और कर दायरा भी बढ़ रहा है।

<><><><><><><>

मूल्यवर्धित कर अधिकारी मुख्यालय की ओर से इस महीने की सत्ताईस तारीख को प्रशिक्षण और जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। मूल्यवर्धित कर आंकलन पर यह कार्यक्रम टैगोर कॉलेज के सभागार में दिन में साढ़े दस बजे आरंभ होगा। कार्यक्रम में द्वीपों में वैट अधिनियम दो हजार सत्रह और नियम दो हजार बीस के अलावा तिमाही वैट रिटर्न को भरने, रिकॉर्ड रखने और उसका दस्तावेजीकरण जैसे अन्य पहलुओं पर चर्चा की जाएगी। ये प्रशिक्षण गूगल मीट के जरिए ऑनलाइन भी उपलब्ध रहेगी, ताकि बाहरी द्वीपों के हितधारक भी इसमें भाग ले सके।

<><><><><><><>

भारतीय खेल प्राधिकरण ने महत्वकांशी कार्यक्रम कीर्ति की शुरूआत की है। नेवी चिल्ड्रन स्कूल में कल आयोजित कार्यक्रम में आयुक्त व सचिव नंदिनी पालीवाल ने इसका उद्घाटन किया। अपने संबोधन में उन्होने कहा कि इस कार्यक्रम के माध्यम से द्वीपों में प्रतिभावान खिलाड़ियों की पहचान करने में मदद मिलेगी और आगे चल कर यही खिलाड़ी ऑलम्पिक जैसी स्पर्धाओं में देश का नाम रोशन करेंगे। इसी तरह का कार्यक्रम निकोबार द्वीप में भी आयोजित होगा।

<><><><><><><>

तकनीकी कारणों से जलयान सिंधु की सत्ताईस अगस्त को पोर्ट ब्लेयर से ननकौड़ी होकर कैम्पबेल–बे यात्रा और उनतीस अगस्त को जलयान की कैम्पबेल–बे से वापसी यात्रा को रद्द कर दिया गया है। इसके स्थान पर एम वी कैम्पबेल–बे सत्ताईस अगस्त को सुबह नौ बजे हैडो जेट्टी से ननकौड़ी होते हुए कैम्पबेल–बे जाएगा और उनतीस अगस्त को सुबह आठ बजे इसी मार्ग से इसकी वापसी होगी। सिंधु से जाने वाले इन क्षेत्रों के यात्रियों से अपने टिकट रद्द करवाकर एम वी कैम्पबेल–बे के लिए नई टिकट खरीदने को कहा गया है। टिकटों का वितरण आज किया जाएगा। ऑनलाइन टिकट भी खरीदे जा सकते हैं।

उधर, माल वाहक जहाज एम. वी. चुगलुम कार–निकोबार के लिए अट्ठाईस अगस्त को शाम तीन बजे चाथम या जंगलीघाट जेट्टी से छूटेगा और माल उतारने के बाद तुरन्त इसकी वापसी होगी। माल की बुकिंग आज सुबह नौ बजे से बारह बजे के बीच किया जा सकता है। माल को चढ़ाने का कार्य छब्बीस अगस्त से किया जाएगा।

<><><><><><><>

## समाचार पत्रों की सुर्खियां

मुख्य सचिव केशव चन्द्र द्वारा लिटिल अण्डमान के आर.के. पुर के स्वास्थ्य एवं देखभाल केन्द्र में वर्चुअली डायलिसिस इकाई का उद्घाटन करने के समाचार को द डेली टेलीग्राम्स ने

पहले पन्ने में जगह दी है। द्वीप समाचार ने इस खबर के अलावा भूकम्प और सुनामी पर तीस अगस्त को राज्य स्तरीय बनावटी अभ्यास किए जाने के समाचार को पहले पन्ने में प्रकाशित किया है। अण्डमान निकोबार कमान की ओर से सैडलपीक तक मोटर साइकिल व पर्वतारोही अभियान का समापन होने के समाचार को अण्डमान कोनिकल में जगह मिली है। भारत और ब्राजील ने समुद्री सुरक्षा सहयोग बढ़ाने के उपायों पर चर्चा की–इंफो इंडिया ने इस खबर को पहले पन्ने के निचले भाग में जगह दी है, जबकि कोलकाता के आर. जी. कर अस्पताल में सी. आई एस एफ द्वारा डेढ़ सौ कर्मियों को नियुक्त करने के समाचार को द इको ऑफ इंडिया ने अंदर के पन्ने में जगह दी है।

**<><><><><><><>**